13- Jan RAG Bhoomi- p-1 Jacket_Layout 1 1/13/2024 8:08 PM Page 1

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार, 14 जनवरी 2024
[ खरसिया। सारंगढ़। घरघोड़ा। धरमजयगढ़। पुसौर। बरमकेला। लैलूंगा। तमनार ]



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## पर्दे पर दिखेगी माइकल जैकसन की कहानी, आ रही बायोपिक



**लॉस एंजेलिस।** अपनी गायकी और डांस से पूरी दुनिया को दीवाना बना देने वाले माइकल जैक्सन की कहानी जल्द ही पर्दे पर नजर आने वाली है। पॉप किंग की बायोपिक पर इन दिनों तेजी से काम चल रहा है। यह फिल्म 2025 में सिनेमाघरों में दस्तक देगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म का निर्माण 22 जनवरी को शुरू होने वाला है। इस फिल्म का निर्देशन एंटोनी फूक्वा करेंगे। यह प्रोजेक्ट लायंसगेट द्वारा समर्थित है। जैक्सन के भतीजे जाफर जैक्सन फिल्म में लीड भूमिका निभाएंगे। यूनिवर्सल पिक्चर्स के पास जापान को छोड़कर फिल्म के अंतर्राष्ट्रीय अधिकार हैं। ग्राहम किंग जॉन ब्रैंका और जॉन मैकक्लेन के साथ निर्माण कर रहे हैं। फिल्म की पटकथा जॉन लोगन ने लिखी है। इससे पहले वे ग्लेडिएटर और द एविएटर जैसी फिल्में लिख चुके हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह फिल्म जैक्सन के जीवन के सभी पहलुओं को कवर करेगी। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि निर्माता दिवंगत संगीत आइकन से जुड़े विवादों को कैसे दिखाएंगे। बायोपिक उनकी संपत्ति के संयोजन में बनाई जा रही है, जिसने बच्चों के यौन शोषण के आरोपों के खिलाफ उनका बचाव किया था। माइकल जैक्सन का जन्म 29 अगस्त, 1958 को गैरी, इंडियाना (शिकागो, इलिनोइस में एक श्रमिक वर्ग के परिवार में हुआ था।

जोसेफ वाल्टर ₹जोर₹ और कैथरीन एस्थर (नी स्क्रूज) के नौ बच्चों में वे सातवे नंबर पर थे।

### छॉलीवुड

## करन की "भागमानी"छा गई यू-ट्यूब पर, लाखों ने देखा



**रायपुर।** यूट्यूब चैनल पर छत्तीसगढिया स्टार करन खान व दीपिका सिंह अभिनीत, निर्माता विकास खंडायित मेहर व छत्तीसगढ़ के जाने माने निर्देशक नितेश लहरी की शार्ट फ़ल्मि "भागमानी" सुर्खियां बटोर रही है। नया चैनल और कम सब्सक्राइबर होने के बाद भी धीमी शुरुवात करते हुए "भागमानी" ने अपनी रफ्तार पकड़ी और वर्तमान में लाखों व्यू के साथ ही चैनल के टॉप पर पहुंच गई है। "भागमानी" को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है और लगातार इसके व्यूज बढ़ते ही जा रहे हैं।"भागमानी" के निर्माता विकास खंडायित मेहर व निर्देशक नितेश लहरी ने पूरी टीम को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए दर्शकों को इस असीम प्यार के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया है। साथ ही जिन्होंने भागमानी नही देखी है उन्हें फ़ल्मि देखने की अपील की है। भागमानी के कहानीकार व निर्माता विकास खंडायित मेहर, पटकथा-संवाद व निर्देशन – नितेश लहरी, छायांकन – राजू देवदास, संपादन – नारायण यादव, पोस्ट प्रोडक्शन – अभिषेक म्यूजिक वर्ल्ड, प्रोडक्शन डिज़ाइनर – अमरनाथ पाठक, गायक -अनुराग शर्मा, नृत्य – राम यादव, रूपसज्जा – रज्जु, वेशभूषा – लवकुमार, एक्शन – आनंद साहू और सहनिर्देशक – राजेन्द्र देवांगन हैं। प्रमुख कलाकार करन खान, दीपिका सिंह, रवि शर्मा, प्रमिला रात्रे, राजेश पांडिया, हेमंत निषाद, मिलन सिंगौर, लव कुमार महानंद, माही साहू, आनंद साहू, नोखु सिंगौर, नंदू साहू व अन्य हैं।

### भोजपुरी

## निरहुआ ने काजल राघवानी संग किया रोमांस, भाया भोजपुरी गीत



**पटना।** यूट्यूब पर भोजपुरी गानों को खूब प्यार मिलता है। इस बीच निरहुआ का एक गाना काफी पॉपुलर हो रहा है जिसमें काजल राघवानी के साथ उनका रोमांस देखने को मिल रहा है। ये फिल्म 'पटना से पाकिस्तान' है, जिसका गाना आज भी दर्शकों को खूब पसंद आता है। यूट्यूब पर भोजपुरी गानों को खूब प्यार मिलता है। खेसारी लाल यादव, पवन सिंह से लेकर आम्रपाली दुबे जैसे एक्टर्स के गानों को लोग देखना खूब पसंद करते हैं। इसी राह में भोजपुरी इंडस्ट्री के सुपरस्टार निरहुआ का गाना काफी वायरल हो रहा है। जो कि उन्हीं की भोजपुरी फिल्म से है। दिनेश लाल यादव यह गाना 'हम हई पिया जी पतरी तिरीयवा' लोगों को खूब अट्रैक्ट कर रहा है। इस गाने के विजुअल्स की बात करें तो निरहुआ और काजल राघवानी काफी अट्रैक्टिव लुक में दिख रहे हैं। गेंदों के फूल और दोनों का शानदार डांस का मिश्रण गजब है। गाने के विजुअल्स की तरह कोरियोग्राफी भी शानदार है और गाने के बोल भी। यही वजह है कि आज भी इस गाने को इतना पसंद किया जा रहा है।'पतरी तिरीयवा' गाने को कल्पना और दिने लाल यादव ने ही गाया है। जिसके बोल भोजपुरी इंडस्ट्री के मशहूर लिरिसिस्ट प्यारे लाल यादव ने लिखे हैं। वहीं डायरेक्टर संतोष मिश्रा हैं। 'पटना से पाकिस्तान' गाने की बात करें तो इसमें निरहुआ और काजल राघवानी के अलावा आम्रपाली दुबे, सुशील दुबे और अशोक समर्थ नजर आए। 'पटना से पाकिस्तान' फिल्म के बारे में बात करें तो ये साल 2015 में रिलीज हुई थी। निरहुआ की इस फिल्म को अच्छा रिस्पॉन्स मिला था।

लाइफ



फैशन की लाली

फैशन नगरी पेरिस में इन दिनों लाल का जादू छाया हुआ है। केंडल जेनर ने पेरिस में शिआपरेल्ली के स्प्रिंग-समर 2024 शो को लाल ऐक्रेलिक नकली नाखूनों से बनी पोशाक के साथ पेश किया है। लेकिन जेनर एकमात्र सेलेब्रिटी नहीं हैं जो लाल के प्यार की गिरफ्त में है। फैशन की दुनिया की जानी-मानी मॉडल यहां एक साथ लाल रंग में रंगी नजर आई तो दुनिया भर के कैमरे उनकी तरफ घूम गए। हालांकि यह क्रांति नहीं लेकिन एक ट्रेंड तो है।

## बालों के लिए बेहद फायदेमंद है लकड़ी की कंघी



हर कोई बाल को संवारने के लिए कंघी का इस्तेमाल करता है। लोग ध्यान नहीं देते लेकिन कंघी की क्वालिटी आपके बालों पर गहरा असर डालती है। ऐसे में अक्सर विशेषज्ञ लकड़ी की कंघी इस्तेमाल करने की सलाह देते हैं। जी हां, बाल कंघी करने के लिए लकड़ी की कंघी को ही सबसे बेस्ट माना जाता है। इसमें कई प्रकार के गुण पाए जाते हैं, जो बालों से जुड़ी तमाम परेशानियों को दूर करते हैं। प्लास्टिक की कंघी से बालों की उलझन दूर तो हो जाती है, लेकिन बाल वापस से फ्रिजी हो जाते हैं, जिसके बाद बाल झड़ने लगते हैं। ऐसे में अगर आप लकड़ी की कंघी इस्तेमाल करेंगे तो बालों को सुलझाने में दिक्कत नहीं होगी और ना ही बाल झड़ेंगे। लकड़ी की कंघी के इस्तेमाल से स्कैल्प की मालिश होती है। ऐसे में अगर आप रोजाना लकड़ी की कंघी का इस्तेमाल करेंगे तो इससे सिर का ब्लड सर्कुलेशन ठीक हो जाएगा। सिर के स्कैल्प से कई प्रकार के नेचुरल ऑयल निकलते हैं, ऐसे में लकड़ी की ये कंघी इस ऑयल को बालों में बराबर बांटने का काम करती है। ये ऑयल बालों में प्राकृतिक चमक प्रदान करता है। इसी के चलते बालों में प्राकृतिक नमी बरकरार रहती है। लकड़ी की कंघी में कई प्रकार के नेचुरल एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं,।

## स्किन केयर में होने वाली इन गलतियों से खो सकता है आपकी त्वचा का निखार



सर्दी में निकलने वाली धूप में भी कई ऐसे तत्व होते हैं, जो त्वचा को काफी नुकसान पहुंचाते है। सही स्किन केयर रूटीन बनाने के लिए अपने स्किन टाइप को न जानना एक मिस्टेक हो सकता है। अलग-अलग स्किन टाइप्स के लिए विभिन्न प्रोडक्ट्स होते हैं, और यदि आप अपनी स्किन को अच्छे से समझते नहीं हैं, तो आप गलत प्रोडक्ट्स का उपयोग कर सकते हैं, जो त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं। सर्दी के मौसम में ज्यादा प्रोडक्ट्स का उपयोग करना भी एक मिस्टेक हो सकता है। अगर आप बहुत सारे प्रोडक्ट्स का उपयोग करते हैं, तो ये भी त्वचा के लिए नुकसानदायक हो सकता है। समय के साथ स्किन चेंज हो सकती है, और यदि आप अपनी स्किन केयर रूटीन में कभी-कभी परिवर्तन नहीं करते हैं, तो यह एक मिस्टेक हो सकती है।सही मॉइस्चराइजर का चयन न करना भी एक आम मिस्टेक हो सकता है। आपकी स्किन को मॉइस्चराइजर की बेहद जरूरत होती है। ऐसे में आपकी स्किन टाइप के अनुसार सही मॉइस्चराइजर का चयन करना काफी महत्वपूर्ण है।

## गोल चेहरे पर खूब जचेंगे ट्रेंडी हेयर स्टाइल्स





अपने लुक को आकर्षक और स्टाइलिश बनाने के लिए आउटफिट से लेकर मेकअप तक सभी चीजें जरूरी होती है, लेकिन इसके साथ-साथ अपने बालों के हिसाब से परफेक्ट हेयर स्टाइल चुनना भी लुक के लिए काफी जरूरी होता है। वहीं कई बार हमारे बाल मौसम के कारण बाल पतले होने लगते हैं।

### ओपन हेयर स्टाइल

पतले बाल अक्सर खुले रखने पर काफी बेजान से नजर आने लगते हैं। ओपन हेयर स्टाइल को बाउंसी लुक देने के लिए आप ब्रेड का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए आप फ्रंट या साइड में ब्रेड बना सकती हैं। बचे हुए लेंथ को अप कर्ल्स कर सकती हैं।

### ऐसे बनाएं ब्रेड

अगर आपके बाल पतले हैं तो आप इसे हैवी लुक देने के लिए फेक हेयर एक्सटेंशन का इस्तेमाल कर सकती हैं। साथ ही कोशिश करें कि आप फ्रंट में ब्रेड बनाएं और एक की जगह 2 से 3 तरह के ब्रेड बनाने की कोशिश करें। ब्रेड को सजाने के लिए आप बीड्स का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### बन बनाने के लिए

पतले बालों में आप बन बनाने के लिए आप डोनट स्टफिंग का इस्तेमाल करें। ऐसा करने से आपके बालों में बनाया बन काफी खूबसूरत नजर आएगा।

साथ ही इसे आकर्षक बनाने के लिए आप ताजे गजरे का इस्तेमाल कर सकती हैं।

## ड्रेस के साथ बूट पहनकर दिखाना है जलवा तो इन बातों का रखें ख्याल

फैशन



सर्दियों के मौसम में हर कोई घूमने का प्लान बनाता है। अगर आप भी सर्दियों में घूमने जा रही हैं, तो स्टाइल दिखाना तो लाजमी है। ऐसे में सर्दियों की शुरुआत होते ही हर लड़की विंटर के हिसाब से शॉपिंग करना शुरू कर देती है। हर लड़की के पास कई तरह की जैकेट्स होती हैं, जिन्हें पहनकर वो अपना जलवा दिखाती रहती हैं। सर्दियों के मौसम में जैकेट्स के साथ-साथ बूट्स भी लड़कियों को स्टाइलिश दिखने में मदद करते हैं। बूट्स वैसे तो किसी भी आउटफिट के साथ अच्छे लगते हैं, लेकिन अगर इन्हें ड्रेस के साथ पहना जाए, तो इनका स्टाइल और ज्यादा क्लासी लगने लगता है। ज्यादातर लड़कियों को ड्रेस के साथ बूट पहनने का शौक होता है लेकिन अगर आप इसे गलत तरह से कैरी करेंगी, तो आपका लुक बिगड़ सकता है। इसी के चलते आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देंगे, जिनको फॉलो करके आप ड्रेसेज के साथ बूट्स पहन सकती हैं।





**हील्स वाले बूट्स:** अगर आप मिडी स्टाइल ड्रेस के साथ बूट्स कैरी करने का सोच रही हैं, तो अपने कमर में चौड़ी सी बेल्ट जरूर लगाएं। इससे आपका लुक और ज्यादा क्लासी लगेगा। बेल्ट लगाने से आपका फिगर काफी ज्यादा खूबसूरत लगेगा। इसके साथ हील्स वाले बूट्स पहनें।

**ऐसे कैरी करें थाई बूट्स :** शॉर्ट ड्रेस के साथ हमेशा लंबी हाइट वाले बूट्स ही पहनें। इनकी हाइट तकरीबन 6 इंच होनी चाहिए। इससे आप सर्दी से भी बच जाएंगी और साथ में आपका स्टाइल भी काफी बोल्ड लगेगा।

**एंकल बूट्स:** आप इसे किसी भी तरह की ड्रेस के साथ कैरी कर सकती हैं। बस इसे कैरी करते वक्त ध्यान रखें कि आपने मोजे जरूर पहन रखें हों। इससे आपके लुक में काफी ज्यादा बदलाव देखने को मिलेगा।

**टाइट्स के साथ भी दिखेगा अलग लुक:** आप एंकल लेंथ बूथ को टाइट्स के साथ भी कैरी कर सकती हैं। ये आपको सर्दी से बचाएंगी और साथ में इसी से आपका लुक काफी क्लासी लगेगा।

## स्टाइलिश चश्मा पहनने का शौक है तो सेलेब्स से लें आइडिया

हम हमेशा से अपने सेलिब्रिटी या बॉलीवुड एक्टर्स के चश्मे की तरह अपने लिए ग्लास लेना पसंद करते हैं। इसलिए जब किसी फिल्म या अल्बम में न्यू स्टाइल का चश्मा दिखता है तो उसे खरीदने के लिए बेताब हो जाते हैं। मगर चश्मा खरीदने से पहले कुछ बातों को जानना जरूरी है। सनग्लास केवल हमारे फैशन को निखारने का काम नहीं करते हैं। इनको पहनने के कई अन्य फायदे भी हैं। इस हिसाब से भी हमें अपने वार्डरोब में चश्मे को जगह देनी चाहिए।



### ओवरसाइज्ड चश्मा

ओवरसाइज्ड चश्मा पहनने का फैशन नया नहीं है। लेकिन इन दिनों उसका प्रचलन तेजी से बढ़ा है। क्योंकि आजकल के गानों या फिल्मों में इस तरह के सनग्लास को खूब दिखाया जा रहा है। कहीं न कहीं इन चीजों की छाप हमारे ऊपर पड़ती है।

### ब्लैक चश्मा

काले चश्मे कमाल के होते हैं। अधिकतर लोग काला चश्मा कैरी करना पसंद करते हैं। वैसे भी ब्लैक कलर की बात ही कुछ और है। मगर लेटेस्ट फैशन ट्रेंड के हिसाब से कुछ तलाश रहे हैं तो सनी कौशल की फोटो देखें। इनका काले रंग का चश्मा कमाल का दिख रहा है।

### येलो सनग्लास

चश्मों की बिक्री उनके लुक के आधार पर होती है। ग्लास का कलर देखकर अधिकतर चश्मों की खरीदारी करते हैं। येलो कलर के सनग्लास को पहनने वालों की संख्या काफी अधिक है। इस तरह के चश्मों से क्लासी लुक मिलता है। जैसे यहां पर देखिए सुनील ग्रोवर कितने कमाल के दिख रहे हैं।

### राउंड सनग्लास

राउंड या ओवल साइज सनग्लास भी लड़कों के चेहरे पर अच्छे लगते हैं। इस बात को आप यहां पर तस्वीर देखकर समझ सकते हैं। सिद्धांत चतुर्वेदी का यह चश्मा काफी अच्छा लगता है। इस तरह के चश्मे हल्के होते हैं। इसलिए इनको पहनना सही होता है।

### वेफेरर्स - चश्मे

वेफेरर्स - चश्मे को भी काफी लड़के पसंद करते हैं। इस तरह के चश्मों को खूब पसंद किया जाता है। साथ ही इस तरह के सनग्लास को कहीं भी पहनकर निकल सकते हैं। शाहिद कपूर वेफेरर्स - चश्मे में काफी अच्छे लगते हैं।
इनकी अधिकतर फोटो वेफेरर्स - चश्मे में है।

कार्नर न्यूज

## शादी की शेरवानी खरीदते वक्त जरूर रखें इन बातों का ध्यान

*हमने अक्सर शादी के घरों में देखा है कि लड़कियां तो शादी की तैयारी महीनों पहले से शुरू कर देती हैं, लेकिन लड़के अपनी शॉपिंग पर ज्यादा ध्यान नहीं देते। जबकि शादी का दिन दूल्हा और दुल्हन दोनों के लिए ही बेहद खास होता है। इस दिन हर किसी की नजर दुल्हन के साथ-साथ दूल्हे पर भी होती है। ऐसे में दूल्हे को भी सबसे खास दिखना चाहिए। आज के समय में होने वाले दूल्हों को शेरवानी पहनना काफी पसंद आता है। बाजार में उनकी पसंद के हिसाब से आसानी से शेरवानी मिल भी जाती है लेकिन कई बार ये देखा जाता है कि गलत तरह के वेडिंग आउटफिट का चयन करने के बाद रात भर पूजा के समय बैठना काफी मुश्किल हो जाता है। दरअसल, शादी के दिन जयमाला का बाद रस्में पूरी रात चलती हैं।*



## शेरवानी ऐसी चुने जो दुल्हनियां के साथ लोगों को भी भाए

### क्या पहन सकते हैं

अगर ज्यादा ठंड का मौसम है तो आप सूट को भी चुन सकते हैं, लेकिन शेरवानी शादी के दिन सबसे खास दिखती है। ऐसे में कोशिश करें कि अपनी शादी के दिन शेरवानी का ही चयन करें।

### फैब्रिक का रखें ध्यान

अगर आप रेडीमेड शेरवानी खरीद रहे हैं तो उसे अच्छे से पहनकर देख लें। कई बार पायजामी का कपड़ा इतना ज्यादा कड़क होता है, कि उसे पहनकर बैठे रहना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में ध्यान रखें कि शेरवानी का फैब्रिक ऐसा हो जिसमें आपको उलझन ना होने पाए।

### फिटिंग का रखें ध्यान

आपका शेरवानी ना तो ज्यादा टाइट होनी चाहिए और ना ही ढीली। अगर शेरवानी ज्यादा टाइट होगी तो इसे पहनकर बैठे रहना काफी मुश्किल होगा, लेकिन अगर ये ज्यादा ढीली होगी तो आपका लुक भी बिगड़ सकता है। ऐसे में शेरवानी की फिटिंग एक दम परफेक्ट ही कराएं।

### रंग का रखें ध्यान

वैसे तो आजकल पेस्टल रंग काफी ज्यादा चलन में हैं, लेकिन कई घरों में दूल्हा और दुल्हन को हल्के रंगों से दूर रखते हैं। ऐसे में आप गोल्डन-सिल्वर, गोल्ड-ब्लैक, गोल्डन-औरेंज, रेड-गोल्डन रंगों को चुन सकते हैं।



## जेएसपी ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवाओं को किया प्रेरित



## खबर संक्षेप

### बाल संरक्षण समिति की समीक्षा बैठक कल

**रायगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग में मिशन वात्सल्य अंतर्गत जिला बाल संरक्षण समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक कलेक्टर सह अध्यक्ष, जिला बाल संरक्षण समिति की अध्यक्षता में 15 जनवरी को समय अपरान्ह 3.30 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आहूत की गई है।

### शिक्षा अधिकारी ने विद्यालयों का किया निरीक्षण

**घरघोड़ा।** घरघोड़ा विकासखंड में प्रभारी शिक्षा अधिकारी सुंदरमणी कौंध के द्वारा संकुल कोटरीमाल के माध्यमिक शाला कोटरीमाल, प्राथमिक शाला चिमटा पानी एवं प्राथमिक शाला बामनपाली का औचक निरीक्षण किया गया साथ में संकुल के प्रभारी प्राचार्य संजीव कुमार पटेल साथ रहे। उक्त तीनों स्कूलों में विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता सामान्य देखने को मिली। मध्यान भोजन सुचारू रूप से संचालित हो ना पाया गया। प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी कोंध एवं संकुल प्राचार्य संजीव पटेल प्राथमिक शाला बामनपाली के बच्चों की सादगी, शिष्टता एवं आत्म अनुशासन से काफी प्रभावित हुए व प्रधान पाठक बांसोड को बधाई दी।

### बरमकेला में तहसीलदार तिवारी की नियुक्ति

**सारंगढ़।** कलेक्टर केएल चौहान ने जनता की मांग पर बरमकेला में तहसीलदार नियुक्त किया है। इस आशय के आदेश श्री चौहान ने जारी किया है। विगत दिनों कलेक्टर श्री चौहान को बरमकेला तहसील में तहसीलदार को एक ही तहसील का कार्य देने के लिए मांग किया गया था। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कलेक्टर श्री चौहान ने नवीन आदेश कर नायब तहसीलदार आयुष तिवारी को सारंगढ़ तहसील के कोर्ट से मुक्त करते हुए प्रभारी तहसीलदार बरमकेला का कार्य सौंपा है।

### उत्साह से मनाई स्वामी विवेकानंद की जयंती

**सारंगढ़।** स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम दुर्गापाली स्थल पर स्वामी विवेकानंद का पूजा वंदन किया गया। इस दौरान अतिथि शिवकुमारी चौहान, सारंगढ़ जनपद सीईओ संजू पटेल एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। इसी प्रकार सीएमओ सारंगढ़ राजेश पांडेय के नेतृत्व में इंडोर स्टेडियम सारंगढ़ में राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने भाग लिया।

### अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** तमनार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए 15 लीटर अवैध शराब सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार गस्त दल को मुखबिर से सूचना मिली कि तमनार स्थित सिदार पारा में विनोद सिदार अपने मकान में अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री करने के लिए रखा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने विनोद सिदार के घर छापा मार कार्रवाई के दौरान आंगन में प्लास्टिक जरकिन व कोल्ड ड्रिंक की बॉटल में महुआ शराब की बिक्री करते रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से कुल 15 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। आरोपी विनोद सिदार पिता अमर साय सिदार उम्र 30 साल निवासी सिदार पारा तमनार के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2), 59(क) के तहत कार्यवाही की गई है।

### योग खेल प्रशिक्षक हेतु 18 तक आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़।** विकासखण्ड रायगढ़ के पीएमश्री प्राशा कोयलंगा संकुल जामगांव हेतु 3 माह के लिए एक अंशकालीन योग खेल प्रशिक्षक की आवश्यकता है। जिसके लिए 18 जनवरी शाम 5 बजे तक आवेदन मंगाए गए है।

---

### सीएसआर मद से तालाबों का होना था जीर्णोद्धार, उद्योगों ने नहीं दिखाई रुचि

# अतिक्रमण की भेंट चढ़ते तालाब, लाख कोशिशों के बाद भी सहेजने में नाकाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नगर पालिक निगम के 48 वर्षों में करीब 44 तालाब हैं, इन तालाबों में से अधिक का अस्तित्व अतिक्रमण की वजह से अब खत्म होता नजर आ रहा है। तालाबों पर अतिक्रमण की रफ्तार पिछले कुछ वर्षों में काफी तेजी से बढ़ी है। तालाबों को सहेजने व अतिक्रमण मुक्त करने के लिए निगम व प्रशासनिक स्तर पर लाखों प्रयास किए गए, वहीं तालाबों के जीर्णोद्धार के लिए उद्योगों को भी जिम्मेदारी दी गई। किंतु रूचि नहीं दिखाने की वजह से यह योजना भी अधर में लटकी हुई है।

सूत्रों की मानें तो शहर में कुछ ऐसे भी तालाब हैं, जिस पर अतिक्रमणकारी पहले अपना मकान तालाब के किनारे बना लेते हैं, जिसके बाद मौका पाकर धीरे धीरे अतिक्रमण के क्षेत्र को बढ़ाते हुए विक्रय भी कर रहे हैं। ऐसा नही कि अतिक्रमणकारियों की इस अवैध कब्जे की जानकारी जिला प्रशासन एवं निगम अमला को नही है, फिर भी वे इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। अहम बात यह है कि कई बार तालाबों पर होने वाले ऐसे अतिक्रमण को लेकर संबंधित क्षेत्रवासियों ने निगम व प्रशासन से शिकायत भी की है। जानकारी के अनुसार नगर निगम क्षेत्र में ढिमरापुर. जगतपुर, राजा महल के पास स्थित बाघ तालाब समेत नगर के अन्य तालाबों का हाल बेहाल है, यही हाल शहर के अन्य लगभग सभी तालाबों की स्थिति हैं। अतिक्रमण की वजह से कई एकड रकबे में फैले तालाब अब डबरी के स्वरूप मे नजर आ रहें हैं। जानकारी के अनुसार बाघ तालाब, अतरमुड़ा, गंगाराम तालाब, जगतपुर, बुझबधान, टीवी टायर तालाब, कलेक्टर दफ्तर के पीछे, महिला बाल विकास के पीछे, रोज गार्डन पीडब्ल्यूडी कालोनी के बगल तालाब समेत अन्य ऐसे तालाब है जो आदिकाल से रियासत काल तक अपना अस्तित्व को बचा रखें थे परंतु वर्तमान में इनकी स्थिति बदहाल है।



बाघ तालाब की दयनीय स्थिति।

#### सरोवर धरोहर योजना फेल

बता दें कि तालाबों की दशा सुधारने व सौंदर्यीकरण के लिए सरोवर धरोहर योजना लाई गई थी, किंतु यह योजना तालाबों की दशा सुधार पाती उससे पहले ही इस योजना की दशा ही बिगड़ गई। इस योजना का सही तरह से क्रियान्वयन नहीं होने की वजह से यह योजना अब पुरी तरह से फेल हो गई। तालाबों की स्थिति वर्तमान में दयनीय है।

#### उदसीनता भी बड़ी वजह

दरअसल नगर निगम क्षेत्र में स्थित तालाबों के जीर्णोद्धार पर सौंदर्यीकरण को लेकर अक्सर निगम की बैठकों में चर्चा जरूर होती है, प्रस्ताव भी बनाए जाते हैं। किंतु यह फाइलों का जमीनी स्तर पर सही तरीके से क्रियान्वयन नहीं होने की वजह से और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता भी तालाबों के जीर्णोद्धार नहीं हो पाने की एक बड़ी वजह है।

#### कई तालाबों का बदला नक्शा

सूत्रों के बताए अनुसार शहर के तालाबों की बीते 10 वर्ष की तुलनात्मक स्थिति बात करें तो कई तालाब ऐसे हैं, जिनके नक्शे में बड़ा बदलाव अतिक्रमण की वजह से हुआ है। कुछ एक जगहों पर तो तालाब नाम मात्र के ही बच गए हैं। कई तालाब तो पूरी तरह से गायब होते जा रहे हैं।

---

### वन परीक्षेत्र छाल में हाथी का मिला था शव

# समय पर साक्ष्य नहीं जुटा पाया वन अमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

बीते अक्टूबर माह में वनपरिक्षेत्र छाल के अंतर्गत एक हाथी का मृत शव मिला था। इस मामले में चार आरोपियों को वन अमले ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, किन्तु तय समय सीमा में वन विभाग के अधिकारी न तो इन चार आरोपियों के विरुद्ध कोई साक्ष्य जुटा पाए और ना ही इस मामले में विवेचना पूरी कर सके। ऐसी स्थिति में विभाग की लापरवाही के कारण इन चारों आरोपियों को न्यायालय से जमानत मिल गई। घरघोड़ा के न्यायालय ने वन विभाग के विवेचना पूर्ण नहीं होने कारण हाथी के हत्या के मामले में चार आरोपियों को जमानत दे दी। ज्ञात हो कि अक्टूबर 2023 को वन परिक्षेत्र अधिकारी छाल के द्वारा एक हाथी को मारने के आरोप में नंदकुमार राठिया, हृदय राम राठिया, जय सिंह राठिया और महादेव रतिया को आरोपी बना कर जिला जेल भेज दिया था जिसमें आरोपिगण के खिलाफ धारा 2,9,39, 51 एवं 52 वन प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत गिरफ्तार कर दिनांक 25 अक्टूबर 2023 को जेल भेज दिया था। वन परिक्षेत्र अधिकारी छाल और वन अनुविभागीय अधिकारी वन मंडल धरमजयगढ़ के द्वारा आरोपी गण को गिरफ्तार करने के पश्चात निर्धारित समय पर किसी प्रकार का कोई रिमांड न्यायालय से नहीं लिया गया और ना ही आरोपीगण के खिलाफ कोई सबूत इकट्ठा किया गया। न्यायालय द्वारा सबूत इकट्ठा कर निर्धारित समय में विवेचना कर चालान प्रस्तुत नहीं कर पाने की स्थिति में आरोपीगण को डिफॉल्ट जमानत में रिहा कर दिया गया। इस प्रकार से वन अधिनियम के तहत कार्रवाई तथा एक हाथी के मौत पर वन विभाग सक्रियता के साथ आरोपियो के विरुद्ध सबूत भी इकट्ठा नहीं कर पाए थे और आरोपी गण को जमानत का लाभ मिल गया। इस पूरे मामले में वन अमला सुस्त नजर आया।

■ हाथी की हत्या के चारों आरोपियों को मिली जमानत

---

# वित्त मंत्री ने की महिला एवं बाल विकास के विभागीय बजट की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की उपस्थिति में शनिवार को महानदी भवन, मंत्रालय में विभाग के बजट को लेकर वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

श्री चौधरी एवं श्रीमती राजवाड़े ने बैठक में महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना व एकीकृत बाल विकास सेवा योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के बजट को लेकर विभागीय अधिकारियों से विस्तारपूर्वक चर्चा की। श्री चौधरी ने इस दौरान राज्य स्तरीय स्कीमों का एकीकरण कर अम्ब्रेला स्कीम तथा एकीकृत योजनाओं के लिए सिंगल निगरानी पोर्टल बनाने के सुझाव भी दिए। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने विभाग के बजट की समीक्षा करते हुए कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। बैठक में वित्त विभाग तथा महिला बाल विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।




---

# अवैध धान पर कार्रवाई, 3 सौ बोरी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जूटमिल पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए बड़माल पुलिस के पास एक ट्रक में 300 बोरी धान बरामद करते हुए जब्त किया गया। इस ट्रक में लोड धान को अवैध तरीके से यहां खपाने की कोशिश की आशंका को लेकर यह कार्रवाई की गई।

मिली जानकारी के अनुसार 12-13 जनवरी की दरम्यानी रात रात्रि गस्त के दौरान साइबर सेल और जूटमिल पुलिस की टीम अवैध धान आवक की जांच करने ओड़िशा रोड़ की ओर गस्त करने के लिए गई थी। इसी दरम्यान ओडिशा की ओर से रायगढ़ आ रही ट्रक का पीछा करते हुए पुलिस टीम द्वारा ग्राम बड़माल ओव्हर ब्रिज के नीचे लारा रोड़ में ट्रक को रूकवा कर पकड़ा गया। ट्रक क्रमांक ओडी 17 यू 9629 को रोक कर चालक अभिषेक जामदुलिया पिता शुक्लांबर जामदुलिया उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम रुचिदा थाना आंबाभौना से वाहन में रखे धान के दस्तावेजों की मांग की गई। वाहन चालक लोड धान के संबंध में कोई कागजात नहीं होना बताया जिसे थाना जूटमिल लाया गया। चालक को धान के संबंध में वैध कागजात प्रस्तुत करने का पर्याप्त समय दिया गया किंतु वाहन चालक कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल रहा। ट्रक में लोड धान का अवैध व संदिग्ध प्रतीत होने पर थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक रामकिंकर यादव द्वारा अनावेदक वाहन चालक पर धारा 102 सीआरपीसी के तहत कार्यवाही कर खाद्य निरीक्षक को कार्यवाही की सूचना दी गई है।




#### दो मामलों में 382 बोरी धान जब्त

अवैध धान की आवक की पहली कार्रवाई पुसौर से की गई। जहां कोडपाली व छोटे हल्दी जाने वाले मार्ग पर ट्रक क्रमांक ओडी 23 बी 2341 में 277 बोरी धान जब्त किया गया। वहीं दूसरी कार्रवाई 11 जनवरी को लैलूंगा में की गई। जहां ग्राम केसला में वाहन क्रमांक सीजी 13 एएन 6511 में 50 बोरी व सीजी 13 एएल 5980 में 55 बोरी धान जब्त किया गया।

---

# 7 आरोपियों से 37 लीटर शराब जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

थाना तमनार की टीम द्वारा अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब बिक्री के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई। तमनार पुलिस ने कुल 7 मामलों में 37.5 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त की गई कुल शराब की कीमत करीब 7500 रुपए आंकी गई है।

सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। जानकारी के मुताबिक कल शाम तमनार पुलिस अवैध शराब पर कार्रवाई के लिए मुखबीरों से जानकारी लेकर ग्राम कठरापाली, कोड़केला, खम्हरिया, गोढी, दर्रीपारा, उरबा, मिलूपारा और तमनार सिदार पारा रवाना हुई।

तमनार पुलिस टीम द्वारा ग्राम तमनार सिदार पारा में आरोपी विनोद सिदार के कब्जे से कुल 15 लीटर महुआ शराब और शराब बिक्री रकम 100 की जप्ती की गई है। आरोपी विनोद सिदार पिता अमर साय सिदार उम्र 30 साल निवासी सिदार पारा तमनार थाना तमनार जिला रायगढ़ के कृत्य पर थाना तमनार में आबकारी एक्ट की धारा 34,2,59,क के तहत कार्यवाही किया गया है। वहीं पुलिस टीम द्वारा ग्राम कठरापाली 4 लीटर महुआ शराब, कोड़केला 3.5 लीटर महुआ शराब, खम्हरिया 3 लीटर महुआ शराब, गोढी 4 लीटर महुआ शराब, दर्रीपारा उरबा 4 लीटर महुआ शराब और मिलूपारा 4 लीटर महुआ शराब में भी अवैध शराब बेच रहे आरोपियों को पकड़ा गया है। शुक्रवार को तमनार पुलिस द्वाराकी गई शराब रेड कार्रवाई में 7 आरोपियों से कुल 37.5 लीटर महुआ शराब कीमत 7,500 की जप्ती की गई है। आरोपियों पर थाना तमनार में पृथक.पृथक आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है।

---

### 15 प्रकरणों में 649 क्विंटल अवैध धान की जब्ती

**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन पर खरीफ विपणन वर्ष 2023.24 में अवैध धान के परिवहन एवं भंडारण पर सख्त कार्यवाही करते हुए मंडी अधिनियम के तहत कुल 15 प्रकरणों में 649.78 क्विंटल अवैध धान की जब्ती की गई एवं 10 वाहनों को पकड़ा गया।

जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर गोयल के दिशा निर्देश पर खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में अन्य राज्यों से अवैध धान परिवहन कोचिया बिचौलियों द्वारा धान क्रय विक्रय हेतु किए जा रहे अवैध धान परिवहन रोक.थाम पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई है। जिसके तहत जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में जो ओड़िशा राज्य से लगा हुआ है जिसमें 11 अंतर्राज्जीय चेक पोस्ट स्थापित किया गया है, वहां 24 घंटे निगरानी चेक पोस्ट ड्यूटी में लगे अधिकारी कर्मचारियों द्वारा की जा रही है। साथ ही राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, मंडी, पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा सतत गश्ती एवं निरीक्षण किया जा रहा है। जिसके तहत अब तक राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, मंडी विभाग के द्वारा संयुक्त कार्यवाही में 12 प्रकरणों में 577.78 क्विंटल धान एवं 7 वाहन, जप्त किया गया है।

---

# फील्ड में दिखनी चाहिए चाक-चौबंद कानून व्यवस्था : कलेक्टर व एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कानून व्यवस्था के संबंध में राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। इस दौरान एसएसपी सदानंद कुमार उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखना हमारी पहली प्राथमिकता है, इसे ध्यान में रखते हुए अशांति फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करें, फील्ड पर कानून व्यवस्था चाक चौबंद होनी चाहिए। उन्होंने असामाजिक तत्वों की सूची तैयार करने एवं उन पर निगरानी के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपराधिक गतिविधियां बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए फील्ड में कार्य दिखना चाहिए। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समन्वित तरीके से सभी अधिकारी कार्य करेंगे। कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए अवैध रेत उत्खनन, अवैध शराब के मामलों में संलिप्तता वाले लोगों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जिले में अवैध महुआ शराब के परिवहन, भंडारण पर लगातार कार्यवाही जारी रखने के निर्देश आबकारी अधिकारी को दिए। पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने कहा कि पुलिस और प्रशासन की टीम के बीच परस्पर समन्वय के साथ सूचना का आदान प्रदान होना चाहिए। किसी भी क्षेत्र में कोई घटना की जानकारी मिलने पर तत्काल साझा करते हुए सेक्टर मजिस्ट्रेट और थाना चौकी प्रभारी नियमानुसार कार्यवाही करेंगे। उन्होंने अवैध गतिविधियों पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेट्रोलिंग सघन करने के साथ ही प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जरूरत है। ऐसे अपराधी जो पहले से चिन्हांकित है उनके ऊपर एसडीओपी एवं थाना प्रभारी कड़ी नजर रखेंगे एवं कानून व्यवस्था में बाधा पहुंचाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

---

### 7 विकासखण्ड की 20 ग्राम पंचायतों में लगेंगे शिविर

# संकल्प यात्रा से जुड़े 326 ग्राम पंचायत के साढ़े 4 लाख ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार हर वंचित तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना चाहती है। इसी क्रम में रायगढ़ जिले में भी विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान समाज में अंतिम व्यक्ति तक शासन खुद पहुंच रही है। यात्रा का सबसे बड़ा मकसद है कि कोई भी हकदार सरकारी योजना के लाभ से छूटना नहीं चाहिए। विकसित भारत बनाना हमारा संकल्प है। यह यात्रा विश्वास और संकल्प करा रही है कि विकसित भारत बनाने में प्रत्येक भारतवासी का योगदान है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देशवासी 2047 से पहले भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए कृतसंकल्पित हैं। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी अब तक जिले के 326 ग्राम पंचायतों में पहुंच चुकी है। जहां लोगों को भारत सरकार की योजनाओं की जानकारी देकर लाभ सुनिश्चित कर रही है। अभी तक 4 लाख 60 हजार 703 लोग इस यात्रा से जुड़ चुके हैं। जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सभी जरूरतमंदों को फायदा मिल रहा है। आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क चिकित्सा सेवा हो। उज्वला योजना के तहत मिलने वाला फ्री गैस चूल्हा अथवा अन्य योजनाओं के तहत हर जरूरतमंदों तक लाभ पहुंच रहा है। शिविर के दौरान अधिकारी और कर्मचारी यहां उपलब्ध रहते हैं जो केंद्र सरकार की सभी योजनाओं से लोगों को जोड़ते हैं।



**लाभार्थी कर रहे अनुभव साझा** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में ऐसे सभी लाभार्थी जिन्हें केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ मिला है वे मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से अपना अनुभव साझा कर रहे है। इसी कड़ी में तमनार में आयोजित शिविर के दौरान ग्राम बुढ़िया की बुजुर्ग महिला रूमिला सारथी ने बताया कि मुझे उज्जवला योजना का लाभ मिला है। जिससे हमारे घर में अब गैस चूल्हे से खाना बना रहे है। अब हमें न तो लकड़ी लेने जंगल जाना पड़ता है और न ही गैस चूल्हे में खाना बनाने में किसी प्रकार की तकलीफ हो रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया।

#### 14 को यहां लगेंगे शिविर

संकल्प यात्रा का डिजीटल रथ कल 14 जनवरी को जिले के इन गांवों में पहुंचेगी। जहां केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के संबंध में लोगों को जानकारी दी जाएगी। इनमें धरमजयगढ़ विकासखण्ड के ग्राम सिथरा, क्रोन्धा, सेमीपाली एवं हाटी, घरघोड़ा के चिल्कागुड़ा एवं कया, खरसिया के भैनापारा, गोरपार, खम्हार एवं छोटेमुड़पार, लैलूंगा के लारीपानी, गुनु एवं फूलीकुंडाए पुसौर के कोड़ातराई, मिड़मिड़ा, दर्रामुड़ा एवं डूमरपाली, रायगढ़ के बनसिया एवं तरेकेला तथा तमनार के जोबरो शामिल है।

---

### 22 तक चलेगा मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम

**सारंगढ़।** लोकसभा चुनाव 2024 हेतु कलेक्टर केएल चौहान ने नागरिकों से अपील किया है कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत जिनकी आयु 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण है, वे अपना मतदाता सूची में नाम जोड़वा सकते हैं। इसके साथ ही साथ मतदाता सूची से नाम हटाना, स्थान परिवर्तन के कारण सुधार कार्य भी आगामी 22 जनवरी तक कर सकते हैं। इस संबंध में विशेष शिविर 14 जनवरी को पूरे जिले में चलाया जा रहा है, ताकि शतप्रतिशत 18 वर्ष पूर्ण कर चुके व्यक्तियों का पंजीयन, सुधार और हटाना सुनिश्चित हो।

## खबर संक्षेप

### जहर खाने से महिला की मौत, मर्ग कायम

**रायगढ़।** लैलूंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सलखिया निवासी 45 वर्षीय महिला ने अज्ञात कारणों से जहर सेवन कर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए जांच प्रारंभ कर दी है। इस संबंध में जानकारी के अनुसार मायावती पैंकरा पति तेजराम बीते 1 जनवरी की रात भोजन करने के बाद सो गई। सुबह जब वह नहीं उठी तो परिवार के एक सदस्य ने देखा तब उसके मुंह से झाग निकल रहा था। ऐसे में उसे लैलूंगा सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसे बेहतर उपचार के लिए मेडिकलक कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### ट्रेन की चपेट में आकर वृद्ध की मौत, मर्ग कायम

**रायगढ।** जीआरपी थाना क्षेत्र अंतर्गत राबर्टसन रेलवे स्टेशन यार्ड से कुछ मीटर की दूरी पर गुरूवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात एक वृद्ध का शव बरामद किया गया। उसकी मौत अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से होना बताया जा रहा है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सूचना मिलने पर जीआरपी मौके पर पहुंची। जांच के दौरान शव की शिनाख्ती मायाराम राठिया पिता सालगु राठिया उम्र 60 वर्ष निवासी कुनकुनी के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि वृद्ध रोजी मजदूरी करते हुए जीवन यापन करता था। गुरूवार रात भोजन करने के बाद संभवतः शौच के लिए रेलवे स्टेशन के यार्ड के समीप स्थित नाले के पास गया था, जहां किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। जीआरपी मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### मॉनिटरिंग समिति की बैठक 15 को

**रायगढ़।** अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण नियम 2014 के अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक 15 जनवरी को अपरान्ह 4.30 बजे से कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में आहूत की गई है।

### रिक्त पदों के लिए प्लेसमेंट कैम्प 16 को

**रायगढ़।** निजी क्षेत्र की रिक्तियों में प्लेसमेंट को बढ़ावा देने के लिए 16 जनवरी को समय प्रातः 10.30 बजे से रायगढ़ रोजगार मितान पोर्टल में पंजीकृत अपंजीकृत सभी आवेदकों के लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कुल 152 विभिन्न पदों पर भर्ती की जानी है। इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि को योग्यतानुसार रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़ में उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते है। रिक्तियों की विस्तृत जानकारी रोजगार मितान पोर्टल तथा जिला रोजगार कार्यालय में संपर्क कर सकते है। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि ईएसएएफ स्वश्रय मल्टीस्टेट एग्रो को ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड वीआईपी चौक रायपुर में कस्टमरकेयर में 60 पद एवं सेल्स ऑफिसर में 45 पदों पर भर्ती की जानी है। इसी तरह सिंगल ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज तराईमाल पोस्ट गेरवानी रायगढ़ में इलेक्ट्रीशियन में 2, कोपा में 5 एवं ट्रेनी में 5 पद, प्रियंका मोटर्स सहदेवपाली रायगढ़ में जनरल इंजीनियर अस्सिटेंट में 2, इलेक्ट्रीशियन पॉवर प्लांट में 2, इलेक्ट्रीशियन स्पंज आयरन में 2 एवं सर्विस एडवाईजर के लिए 2 पद तथा न्यूट्रीटी कार्पो केयर प्रालि गीता काम्पलेक्स गोकुल धाम उसलापुर बिलासपुर में सेल्स रिप्रजेन्टिटिव के लिए 18 पद, ग्रुप लीडर में 5 तथा टीम लीडर में 5 पद रिक्त है।

### महुआ शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार

**रायगढ़।** चक्रधरनगर पुलिस की टीम द्वारा मुखबीर सूचना पर बालसमुंद निवासी बुधनीन बाई केंवट के घर शराब रेड कार्रवाई किया गया। टीआई चक्रधरनगर को मुखबीर से महिला द्वारा घर पर अवैध रूप से शराब बेचने की सूचना मिली थी। रेड कार्रवाई में महिला बुधनीन बाई केवंट पति स्व परदेशी केवंट उम्र 55 वर्ष निवासी कोढीपारा बालसमुंद के कब्जे से कुल 6 लीटर अवैध शराब जब्त किया गया है। महिला के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## कलेक्टर गोयल ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

# प्रकरण निराकृत होते ही करें अभिलेखों का दुरूस्तीकरण

**अविवादित प्रकरण निबटारा करने तहसीलवार लक्ष्य निर्धारित**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी राजस्व प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री गोयल ने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए ई कोर्ट में पालन प्रतिवेदन, भूईया कार्यक्रम, भू नक्शा संबंधित कार्यों की प्रगति में सत्यापित खातों की जानकारी लेते हुए डिजिटल हस्ताक्षर के प्रतिशत को बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रकरणों के निराकृत होते ही अभिलेख दुरूस्तीकरण का कार्य प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलवार अभिलेख शुद्धता में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने अविवादित, विवादित नामांतरण और अविवादित, विवादित बंटवारा, सीमांकन की समीक्षा की। उन्होंने तहसीलवार लक्ष्य प्रदान करते हुए कहा कि अविवादित प्रकरण शत प्रतिशत पूर्ण होनी चाहिए। उन्होंने प्रत्येक तहसीलदारों को पटवारियों का सीमांकन की साप्ताहिक समीक्षा करने के निर्देश दिए। पटवारियों द्वारा प्रकरणों में आवश्यक प्रगति नहीं लाने पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री गोयल ने डायवर्सन प्रकरणों के प्रगति की जानकारी लेते हुए न्यायालयवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने भू भाटक वसूली शत प्रतिशत करने के निर्देश तहसीलदारों को दिए। उन्होंने राजस्व अभिलेखों में आधार सीडिंग, मोबाइल नंबर, जेण्डर प्रवृष्टि में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने भू अर्जन प्रकरण के निराकरण व मुआवजा भुगतान के संबंध में समीक्षा करते हुए कहा कि अवार्ड आबंटित होने की पश्चात अनावश्यक लंबित नहीं होनी चाहिएए अवार्ड पारित होने के पश्चात अभिलेख दुरुस्ती का कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने लोक सेवा गारंटी अधिनियम, नजूल पट्टों का नवीनीकरण एवं वन संसाधन पत्रों के वितरण की भी समीक्षा की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर धनीराम रात्रे, समस्त एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं राजस्व अधिकारी उपस्थित रहें।


बैठक लेते कलेक्टर, बैठक में शामिल अधिकारी।

**समय पर जाति प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश**

कार्तिकिया गोयल ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि बीईओ से समन्वय कर सभी बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि फरवरी अंतिम तक सभी बच्चों के जाति प्रमाण पत्र शत.प्रतिशत बनने चाहिए। इसमें बच्चों एवं उनके परिजनों को अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ अनुविभाग में जाति प्रमाण.पत्र बनाने में बेहतर कार्य हुए हैए जहां प्रगति कम है वहां तेजी लाने के निर्देश दिये।

**आपदा एवं सड़क दुर्घटना के प्रकरणों में शीघ्रता से करें कार्रवाई**

कलेक्टर श्री गोयल ने आरबीसी 6-4 अन्तर्गत जनहानि की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रकरण में नियमानुसार कार्यवाही करते हुए अतिशीघ्र सहायता राशि प्रदान करने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा कि संबंधितों को आरटीजीएस के माध्यम से उनके खाते में राशि प्रदान करें, इस कार्य में उन्हे तीसरे व्यक्ति की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सड़क दुर्घटना की समीक्षा करते हुए तहसीलवार राशि मांग पत्र बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी किसी व्यक्ति कि सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उन्हें तात्कालिक राशि के साथ ही पंचायत से अंत्येष्टि एवं उस व्यक्ति की बीमा से संबंधित जानकारी लेते हुए लाभ दिलाना सुनिश्चित करें।



## जेएसपी ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवाओं को किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ

सब कुछ आपके मस्तिष्क में है अर्थात आप कुछ करने का ठान लें एतो उसे पूरा करने से कोई रोक नहीं सकता। इट्स ऑल इन द माइंड थीम पर केंद्रित राष्ट्रीय युवा दिवस जेएसपी फॉउन्डेशन द्वारा किशोरी मोहन त्रिपाठी गर्वमेंन्ट गर्ल्स कालेज की सहभागिता में उत्साह के साथ मनाया गया।

युवा दिवस आयोजन के दौरान एनएसएस की छात्राओं ने अपनी अद्भुत सक्रियता का प्रदर्शन करते हुए गायन व प्रेरणादायक नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी और जागरूकता का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जिंदल महिला क्लब सहित अतिथियों ने युवाओं को अपनी सकारात्मक जिम्मेदारी निभाने हेतु प्रेरित किया। राष्ट्रीय युवा दिवस 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर युवाओं को समर्पित रहता है। इसलिए इस अवसर पर युवा मोनिका इजारदार और भाविका पांडेय का सम्मान किया गया। जेएसपी फॉउन्डेशन द्वारा किशोरी मोहन त्रिपाठी गर्वमेंन्ट गर्ल्स कालेज में आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह युवा पीढ़ी को सम्बोधित करते हुए जिंदल लेडीज क्लब की अध्यक्षा श्रीमती अनंदिता बंद्योपाध्याय ने कहा कि युवा स्वामी विवेकानंद के मार्ग पर चलें व उनके विचारों को अपने जीवन में कार्यान्वित करें और उन विचारों से प्रेरणा लें। उन्होंने युवा दिवस की बधाई देते हुए कहा की हम जेएसपी के चेयरमैन नवीन जिंदल की अगुआई में एवं जेएसपी फॉउन्डेशन की चेयरपर्सन श्रीमती शालू जिंदल के मार्गदर्शन में निरंतर युवा पीढ़ी को प्रोत्साहित करते हैं ताकि अपनी प्रतिभा के बलबूते स्वयं को साबित कर सकें। कार्यक्रम को क्लब की प्रमुख सदस्या श्रीमती नीरू शर्मा ने भी सम्बोधित किया। माहवारी स्वच्छता पर उल्लेखनीय कार्य करने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अवार्ड ले चुकी माहवारी स्वच्छता प्रबंधन की नोडल अधिकारी मोनिका इजारदार ने प्रोजेक्ट पावना के माध्यम से छात्राओं को माहवारी स्वच्छता के लिए जानकारी देते हुए प्रेरित किया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ताइक्वांडों खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए सिल्वर मैडल जीत चुकी भाविका पांडेय ने छात्राओं को कभी हार नहीं मानने की शिक्षा देते हुए कहा की ऐसे खेलों के माध्यम से वे अपनी प्रतिभा प्रदर्शन के साथ स्वतंत्रता से आत्मरक्षा के गुर सीख स्वयं को साबित कर सकते हैं।राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर छात्राओं नशा मुक्ति स्वच्छता सहित बेटी पढ़ाओ पर नाटक की प्रस्तुति देकर युवा पीढ़ी को जागरूक किया। आयोजन के दौरान गर्ल्स कालेज प्राचार्य के सी कछवाहा, डॉ उमा नेगी एडॉ आर के बारीक एनएसएस प्रभारी प्रो निति देवांगन प्रो बी के भगत ए प्रो आर के राठौर, डॉ प्रमोद साहू प्रो अंकित खड़िया, प्रो गरिमा जोशी, प्रो विद्याधर पटेल, प्रो चंद्रकांत वर्मा, डॉ विवेक पटेल, हेमलाल साहू, जगन्नाथ साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल समन्वय सीएसआर विभाग के तरुण बघेल ने किया। इस आयोजन के माध्यम से युवा पीढ़ी को सामाजिक सकारात्मक बदलाव के लिए प्रेरणादायक माहौल में समर्पित करने का सन्देश दिया गया जो आने वाले समय में सामाजिक उत्तम में सहभागिता दर्ज करा सके।

**खास बात**

- स्वामी विवेकानंद के मार्ग पर चलें व उनके विचारों को जीवन में कार्यान्वित करें

## नावापारा ब और बाराडोली में भारत संकल्प शिविर



**पुसौर।** क्षेत्रीयता एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए कहीं कहीं और कभी कभी 2 ग्राम पंचायतों का एक साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन जिला प्रशासन के निर्देश एवं पुसौर जनपद के मार्गदर्शन में होता रहा है। इसी परिपेक्ष्य में ग्राम पंचायत नावापारा ब और बाराडोली पंचायत का संयुक्त शिविर ग्राम बारडोली में हुआ जिसमें नावापारा ब के सरपंच एवं पुर्व जनपद अध्यक्ष नित्यानंद भोय, सचिव राजेश बारीक सहित अन्य पंचायत पदाधिकारी एवं ग्रामवासी तथा बाराडोली पंचायत के सरपंच धनमाली परमेश्वर सा, सचिव परमेश्वर मैत्री सहित अन्य पंचायत पदाधिकारी एवं ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से शिविर प्रारंभ हुआ जहां सरकारी स्टाल मौजूद रहे। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी में मण्डल अध्यक्ष त्रिनाथ गुप्ता रहे। मंच में अन्य अतिथियों में भाजपा नेता श्रवण प्रधान विद्यानंद प्रधान, सुरेन्द्र जेना, पुरंदर चौहान आदि रहे। जानकारी के मुताबिक स्टाल में आवेदकों की संख्या कम रही चूंकि ज्यादातर जरूरतों को उक्त पंचायतों द्वारा पहले से पूरा किया जा चुका है।

## ओपी ने की स्वास्थ्य विभाग के बजट की समीक्षा



**रायगढ।** महानदी भवन स्थित मंत्रालय में शुक्रवार को कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की उपस्थिति में आज वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने वित्त एवं स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक में जीवन की मूलभूत आवश्यकता चिकित्सा से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई साथ ही आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए।

## संकल्प यात्रा शिविर का संयुक्त कलेक्टर चौहान ने लिया जायजा



**सारंगढ़।** कलेक्टर केएल चौहान के निर्देशन में सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम रींवापार में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज शामिल हुए। इस अवसर पर श्री भारद्वाज ने कहा कि शासन के सभी योजनाओं को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अवधारणा अन्त्योदय योजना के अन्त्योदय के तहत हमें कार्य करना है। अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं को पहुंचाना है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत हम शिविर कर रहे हैं तो लोगों का काम यहीं हो जाए। इसलिए सभी बुनियादी विभाग आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास, राशन कार्ड, पेंशन, स्वास्थ्य, वन, कृषि, सहकारिता, बिहान समूह आदि का स्टॉल लगाया गया है। राशन कार्ड के लिए कलेक्टोरेट तक आने की जरूरत नही हो। संयुक्त कलेक्टर ने अपील किया कि सभी हितग्राही शिविर में संचालित सभी योजनाओं का लाभ लें। जिले के ग्राम बटाऊपाली अडडाईडीह, खैरा छोटे, गोड़ा, खरवानी छोटे, सिंगारपुर, फर्सवानी में, चांटीपाली के आश्रित ग्राम झाबड़, कंचनपुर ब, बिरनीपाली में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया।

### 16 को चलेगा हस्ताक्षर अभियान

**रायगढ़।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना शासन की फ्लेक्सी योजना है। यह योजना एकीकृत महिला सशक्तिकरण अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा एवं बचाव हेतु एक अम्ब्रेला योजना मिशन शक्ति की शुरूआत की गई है। राज्य स्तर से सबल नोनी सुघ्घर समाज नाम से जिसमें बेटियों को सबल देते हुए सामथ्र्यवान बनाये जाने की योजना है। इस हेतु समाज में जनजागृति लाने हेतु 16 जनवरी को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत हस्ताक्षर अभियान समस्त कार्यालय, संस्था, महाविद्यालय स्कूलों इत्यादि में होगा। जिला प्रशासन द्वारा इस अभियान को सफल हेतु बनाने हेतु सभी स्थानीय लोगों से अपील की गई है।

## 150 लोगों को कंबल वितरित

**रायगढ़।** सामाजिक सद्भावना व मानवता के मिसाल कायम करने के सिलसिले में एक आयाम तब और जुड़ गया जब क्षेत्र के दूरस्थ वनांचल में स्थित विशेष जनजाति समुदाय बाहुल्य गांवों के सैकड़ों निवासियों को सामाजिक व प्रशासनिक सहयोग से कंबल प्रदान किया गया। बीहड़ जंगलों व पहाड़ियों से घिरे इन इलाकों के रहवासियों के हालात बहुत ज्यादा नहीं बदले हैं।

हालांकि स्थानीय लोगों को पहले से कहीं बेहतर मूलभूत व अन्य सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। जिले के छाल क्षेत्र के जानेमाने सामाजिक कार्यकर्ता ललेश अग्रवाल के सौजन्य से धरमजयगढ़ एसडीएम डिगेश पटेल व छाल तहसीलदार के हाथों धरमजयगढ़ क्षेत्र के आमानारा व धरमपुर गांव में स्थानीय लोगों को कंबल वितरण किया गया।

बता दें कि धरमजयगढ़ मुख्यालय से करीब तीस किलोमीटर दूर घने जंगलों के बीच स्थित इन दोनों गांवों में पहाड़ी कोरवा व पण्डो विशेष जनजाति के सैकड़ों परिवार निवास करते हैं। आमानारा गांव जहां पहाड़ी कोरवा जनजाति के 50 से अधिक परिवार निवासरत हैं



वह हाल ही में भी काफी सुर्खियों में रहा था। वह इसलिए कि वहां के निवासी व समुदाय के नेतृत्व कर्ता माने जाने वाले प्रेम साय से प्रदेश के सीएम विष्णुदेव साय ने फोन पर बात कर हालचाल पूछा था। आमानारा में कंबल वितरण के दौरान एसडीएम ने भी वहां की वस्तुस्थिति के बारे में प्रेम साय से बात की।



## परसापाली गांव में बढ़ी लकवाग्रस्तों की संख्या, लगेगा स्वास्थ्य शिविर

**पुसौर।** लगभग 400 की जनसंख्या वाले ग्राम परसापाली में एक ही साल में लकवा मरीजों की संख्या एकाएक 9 की संख्या में होने के साथ ही अन्य लोगों के स्वास्थ्य में लगातार गिरावट आने की वजह से उक्त ग्राम संवरा बहुल संगठन ने एक स्वास्थ्य शिविर लगाने की पहल की और इसके लिए कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया। जानकारी के मुताबिक छग सवर सवरा समाज संघ के पदाधिकारियों ने उक्ताशय का आवेदन विधिवत लेटर पेड में कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया था जिसके फलस्वरूप जिला स्वास्थ्य विभाग के आदेश पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बडे भंडार के डा. राठिया के नेतृत्व में 20 लोगों का टीम ने परसापाली में बीते दिनांक को स्वास्थ्य शिविर आयोजन किया जिसमें ग्राम के सभी लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ वहीं जो लकवा मरीज रहे और शिविर स्थल में नहीं आ सके उनके घरों में जाकर उक्त अमला ने जांच किया और संबंधित दवा दी ।

## अवैध शराब पर संकल्प शिविर में नाटक मंचन



**पुसौर।** पुसौर जनपद क्षेत्र के ग्राम चंघोरी में यहां के सरपंच घुराउ गढवाल, सचिव सुदर्शन कर्ष, उप सरपंच श्रीमती उमा सिदार सहित अन्य पंचायत पदाधिकारी एवं ग्रामवासियों की सक्रियता से विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मण्डल अध्यक्ष त्रिनाथ गुप्ता एवं अन्य अतिथियों में भाजपा नेता श्रवण प्रधान, सुरेन्द्र जेना, पूर्व मण्डल अध्यक्ष ईश्वर गुप्ता, बिशीकेशर जेना, सहित अन्य गणमान्य गण उपस्थित रहे। मंच संचालन प्रेम गुप्ता द्वारा समुचे कार्यक्रम को एक सिरे से पिराये रखने में मददगार साबित हुआ।

मंच में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम हुये वहीं धरती कहे पुकार के तथा अवैध शराब पर किया गया नाटक जन समुदाय के दिल को छू गया। लगे हुए सरकारी स्टालों में पटवारी अमीलाल सिदार ने जाति आय निवास तथा वारिसान प्रमाण पत्र जारी किए। पशुपालन विभाग ने 13 किसानों को 52 मवेशियों के लिए दवा उपलब्ध कराए। उद्यानिकी के अधिकारी विनोद पटेल के पास आवेदन निरंक रहा। उज्जवला योजना में 5 नये कनेक्शन 15 लोगों का ईकेवाईसी हुआ।

## विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबंध में निर्वाचन की बैठक

**रायगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय ने फोटो युक्त निर्वाचन नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में बैठक ली। मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा भी उपस्थित रहे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोग के निर्देशानुसार जिले में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। सभी अधिकारियों कर्मचारियों से अपील की जाती है कि वह जहां निवास करते हैं, उस क्षेत्र की मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जुड़वाएं। किसी अन्य क्षेत्र की मतदाता सूची में नाम होने पर फार्म 8 के माध्यम से शिफ्टिंग कराई जा सकती है। इस दौरान उन्होंने कम वोटिंग वाले क्षेत्रों की समीक्षा करते हुए वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने पर चर्चा की। उन्होंने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री महादेवा से पुलिस लाइन उर्दना से अन्य अन्यत्र स्थानांतरित होने से अनुपस्थित मतदाताओं के नाम कटवाने में सहयोग प्रदान करने एवं मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने कहा।







